# सामान्य हिन्दी

**1.** निम्नलिखित आलोचकों में से कौन सा उत्तराखण्ड से सम्बंधित है ?

(a) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(b) नन्ददुलारे बाजपेयी
(c) डॉ. नगेन्द्र
(d) डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल

**2.** "शतरंज के खिलाड़ी" किस कहानीकार की रचना है ?

(a) जयशंकर प्रसाद
(b) प्रेमचन्द
(c) सुदर्शन
(d) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'

**3.** 'चारु चन्द्र की चंचल किरणें खेल रहीं थीं जल-थल में' इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?

(a) यमक
(b) उत्प्रेक्षा
(c) अन्योक्ति
(d) अनुप्रास

**4.** 'उत्कर्ष' का विलोम है

(a) अपकर्ष
(b) निष्कर्ष
(c) विमर्श
(d) सहर्ष

**5.** 'उद्धव शतक' के रचयिता हैं

(a) नाथूराम शंकर
(b) सुमित्रानंदन पंत
(c) दिनकर
(d) जगन्नाथ दास 'रत्नाकर'

**6.** इनमें एक वीर रस के कवि थे :

(a) देव
(b) भूषण
(c) बिहारी
(d) घनानन्द

**7.** 'क़फ़न' कहानी किसने लिखी है ?

(a) दूधनाथ सिंह
(b) प्रेमचन्द
(c) शिवप्रसाद सिंह
(d) मन्नू भंडारी



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

8. 'जगदीश' शब्द में कौन सी संधि है ?

(a) स्वर
(b) व्यंजन
(c) विसर्ग
(d) इनमें से कोई नहीं

9. किस कवि के दोहों के लिए 'गागर में सागर' की उक्ति प्रसिद्ध है ?

(a) भूषण
(b) बिहारी
(c) रहीम
(d) कबीरदास

10. निम्नलिखित में से शुद्ध विकल्प कौन सा है ?

(a) कवियित्री
(b) कवित्री
(c) कवियत्री
(d) कवयित्री

11. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द कौन सा है ?

(a) उज्जवल
(b) उज्ज्वल
(c) उजवल
(d) ऊज्वल

12. निम्नलिखित में से कौन सा 'परसर्ग' कर्ता कारक में प्रयुक्त होता है ?

(a) ने
(b) को
(c) से
(d) पर

13. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द कौन सा है ?

(a) स्वास्थ्य
(b) स्वास्थय
(c) सवास्थय
(d) स्वासथ्य

14. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द कौन सा है ?

(a) अंर्तगत
(b) अंतर्गत
(c) अंतगर्त
(d) अंतरगत



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

15. ‘उसने कहा था’ कहानी के लेखक कौन हैं ?

(a) प्रेमचन्द
(b) मोहन राकेश
(c) चन्द्रधर शर्मा ‘गुलेरी’
(d) अज्ञेय

16. ‘आस्तिक’ शब्द का अर्थ प्रकट करता है

(a) जो ईश्वर को न मानता हो ।
(b) जो जानने की इच्छा रखता हो ।
(c) जिस पर विश्वास किया जा सके ।
(d) ईश्वर में विश्वास करने वाला ।

17. ‘रत्नावली’ किस कवि की पत्नी थी ?

(a) केशवदास
(b) सूरदास
(c) तुलसीदास
(d) कबीरदास

18. ‘रामचरित मानस’ की भाषा कौन सी है ?

(a) ब्रजभाषा
(b) खड़ी बोली
(c) संस्कृत
(d) अवधी

19. ‘क्षिति’ का पर्यायवाची है

(a) कमल
(b) बादल
(c) सरोवर
(d) पृथ्वी

20. ‘जिसे जीता न जा सके’ के लिए एक शब्द है

(a) दुर्लभ
(b) दुर्गम
(c) अजेय
(d) अमर

21. ‘रेल’ शब्द क्या है ?

(a) तत्सम
(b) तद्भव
(c) देशज
(d) विदेशी



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

22. "विनय पत्रिका" के रचयिता कौन हैं ?

(a) तुलसीदास (b) सूरदास

(c) केशवदास (d) नागरीदास

23. चन्दवरदायी की काव्य-कृति का नाम है

(a) बीसलदेव रासो (b) आल्हा खण्ड

(c) खुमाण रासो (d) पृथ्वीराज रासो

24. 'कृतज्ञ' शब्द का सही अर्थ है

(a) कार्य करने में समर्थ (b) किए गए को भुलाने वाला

(c) करने की समझ रखने वाला (d) किए गए उपकार को मानने वाला

25. निम्न में से कौन रचनाकार उत्तराखण्ड का नहीं है ?

(a) पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल (b) सुमित्रानन्दन पंत

(c) धर्मवीर भारती (d) लीलाधर जगूड़ी

26. 'प्रत्येक' शब्द का सन्धि विच्छेद होगा

(a) प्रति + एक (b) प्रत्य + एक

(c) प्रति + इक (d) प्रत्य + इक

27. "अपने पैरों पर खड़ा होना" का अर्थ है

(a) स्वावलम्बी होना (b) जवान होना

(c) व्यायाम करना (d) सबको पछाड़ देना

28. निम्नलिखित में से लोकोक्ति (कहावत) बताइए :

(a) एक पंथ दो काज (b) कठपुतली होना

(c) आस्तीन का साँप (d) आँखें चुराना

29. "शान्त रस" का स्थायी भाव है

(a) विस्मय (b) जुगुप्सा



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

(c) उत्साह (d) निर्वेद

**30.** निम्नलिखित में से 'गौण' शब्द का विलोम कौन सा है ?

(a) विशेष (b) मुख्य

(c) सामान्य (d) अनिवार्य

**31.** किस शब्द में 'अ' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(a) अम्लीय (b) अम्लान

(c) अमोलक (d) अमूल्य

**32.** "रौद्र रस" का स्थायी भाव है

(a) निर्वेद (b) क्रोध

(c) शोक (d) विस्मय

**33.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'आकाश' का पर्यायवाची नहीं है ?

(a) गगन (b) नभ

(c) अवनि (d) अम्बर

**34.** 'जंगल में लगनेवाली आग' को क्या कहते हैं ?

(a) दावानल (b) बड़वानल

(c) काष्ठाग्नि (d) जठरानल

**35.** "कम बोलने वाला" के लिए एक शब्द है

(a) वाचाल (b) कृपण

(c) मूक (d) मितभाषी

**36.** "आग उगलना" है

(a) लोकोक्ति (b) क्रिया



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

(c) मुहावरा (d) विशेषण

**37.** "इस हाथ दे, उस हाथ ले" है

(a) मुहावरा (b) लोकोक्ति

(c) वाक्य (d) पदबंध

**38.** हिन्दी वर्णमाला किस लिपि में लिखी जाती है ?

(a) खरोष्ठी (b) ब्राह्मी

(c) देवनागरी (d) गुरुमुखी

**39.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'अनुकूल' का विलोम है ?

(a) प्रतिकूल (b) दुकूल

(c) आकुल (d) उपकूल

**40.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा शब्द "सूर्य" का पर्यायवाची नहीं है ?

(a) दिनकर (b) रवि

(c) भानु (d) गिरीश

**41.** "देव" का स्त्रीलिंग कौन सा शब्द है ?

(a) नारी (b) पुत्री

(c) देवी (d) चींटी

**42.** निम्नलिखित में करुण रस का स्थायी भाव कौन सा है ?

(a) रति (b) शोक

(c) निर्वेद (d) उत्साह

**43.** निम्नलिखित में "पौ बारह होना" का अर्थ कौन सा है ?

(a) दाँव हारना (b) मर जाना



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

(c) अपेक्षा से अधिक लाभ होना (d) बहुत हानि होना

**44.** निम्नलिखित में से ‘पलक बिछाना’ का अर्थ कौन सा है ?

(a) बलिदान करना (b) सपना देखना

(c) मदिरा पान करना (d) स्वागत के लिए उत्सुक रहना

**45.** भारतीय शब्द का बहुवचन कौन सा है ?

(a) भारतीयों (b) भारतिओं

(c) भारतियों (d) इनमें से कोई नहीं

**46.** “उल्लू सीधा करना” मुहावरे का अर्थ है

(a) कर्ज़ अदा करना (b) सबको एक जैसा समझना

(c) बहुत परिश्रम करना (d) स्वार्थ सिद्ध करना

**47.** निम्नलिखित में से भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है

(a) गंगा (b) चतुराई

(c) फूल (d) कमरा

**48.** ‘साकेत’ किसकी रचना है ?

(a) रामनरेश त्रिपाठी (b) मैथिलीशरण गुप्त

(c) रामचरित उपाध्याय (d) महावीर प्रसाद द्विवेदी

**49.** “राम का मुख चन्द्रमा के समान सुन्दर” है

(a) रूपक (b) यमक

(c) अन्योक्ति (d) उपमा

**50.** जिस समास में दोनों पद समान रूप से प्रधान हों, उसे क्या कहते हैं ?

(a) द्विगु समास (b) बहुब्रीहि समास

(c) अव्ययीभाव समास (d) द्वन्द्व समास

**51.** मेरी भव बाधा हरौ, राधा नागरि सोय ।

जा तन की झांई परै, स्यामु हरित दुति होय ।।

– उपर्युक्त में निम्नलिखित में से कौन सा छंद है ?

(a) गीतिका (b) सवैया



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

(c) सोरठा (d) दोहा

**52.** 'नानक' किस काव्यधारा के कवि हैं ?

(a) संत काव्यधारा (b) सूफी काव्यधारा

(c) राम काव्यधारा (d) कृष्ण काव्यधारा

**53.** निम्न में से कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है ?

(a) ममता (b) समता

(c) कटुता (d) लता

**54.** सूरदास के गुरु कौन थे ?

(a) रामानन्द (b) नरहरिदास

(c) वल्लभाचार्य (d) विट्ठलदास

**55.** 'सम्बन्धवाचक' सर्वनाम है

(a) कोई (b) आप

(c) किस (d) जिस

**56.** 'आविर्भाव' शब्द का विलोमार्थी क्या है ?

(a) प्रादुर्भाव (b) प्रकट

(c) तिरोभाव (d) उद्भव

**57.** निम्नलिखित में से "एकल" शब्द का विलोम क्या है ?

(a) शकल (b) विकल

(c) पंकिल (d) बहुल

**58.** 'अंकुश' का ठीक विपरीत शब्द लिखें :

(a) निरंकुश (b) बेलगाम



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

(c) उद्दंड (d) स्वच्छन्द

**59.** निम्नलिखित में से "प्राकृतिक" शब्द का विलोम कौन सा है ?

(a) नैसर्गिक (b) स्वर्गिक

(c) क्षणिक (d) कृत्रिम

**60.** 'ऋ' वर्ण व्याकरण के अनुसार है

(a) व्यंजन (b) संयुक्त व्यंजन

(c) स्वर (d) संयुक्त स्वर

**61.** "दोहा" छंद की प्रत्येक पंक्ति में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(a) 16 (b) 12

(c) 24 (d) 28

**62.** निम्नलिखित में से कौन 'महाप्राण' ध्वनि है ?

(a) ज (b) क

(c) ध (d) प

**63.** 'राजपुरुष' में कौन सा समास है ?

(a) कर्मधारय (b) द्विगु

(c) तत्पुरुष (d) बहुब्रीहि

**64.** ऊष्म वर्ण कौन से हैं ?

(a) क च ट ल (b) य र ल व

(c) श ष स ह (d) क्ष त्र ज्ञ

**65.** चौपाई छंद के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(a) 18 (b) 16



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

(c) 15 (d) 09

**66.** निम्नलिखित पदों में से कौन सा पद अव्ययीभाव समास नहीं है ?

(a) राजपुत्र (b) प्रतिदिन

(c) यथाशक्ति (d) प्रत्येक

**67.** कर्मकारक का चिह्न निम्न में से कौन सा है ?

(a) से (b) ने

(c) के लिए (d) को

**68.** 'प्रकाश' का विलोम है

(a) अंधेरा (b) अँधियारा

(c) तम (d) अंधकार

**69.** 'हर्ष' का सही विलोम शब्द कौन सा है ?

(a) विषाद (b) वेदना

(c) खेद (d) दुःख

**70.** 'दोपहर बारह बजे के बाद' का विकल्प है

(a) पूर्वाह्न (b) अपराह्न

(c) मध्याह्न (d) सन्ध्या

**71.** 'त्र्यम्बक' शब्द में कौन सा समास है ?

(a) कर्मधारय (b) द्वन्द्व

(c) बहुब्रीहि (d) तत्पुरुष

**72.** 'पलंग' का तत्सम शब्द है

(a) प्लवंग (b) पर्यंक



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

(c) पालना (d) उक्त तीनों गलत हैं ।

**73.** निम्नलिखित में से तत्सम शब्द बताइए :

(a) कान (b) ढीठ

(c) काठ (d) कमल

**74.** सूर्य, गौ तथा जल आदि शब्द हैं

(a) तद्‌भव (b) तत्सम

(c) विदेशी (d) देशज

**75.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम है ?

(a) व्याघ्र (b) साँप

(c) पत्थर (d) नींद

**76.** 'महानता' शब्द में प्रत्यय है

(a) म (b) महा

(c) नता (d) ता

**77.** हा रघुबीर ! देव रघुराया,

केहि अपराध बिसारेहु दाया ।।

उपर्युक्त पद्यांश में कौन सा रस है ?

(a) संयोग श्रृंगार (b) वियोग श्रृंगार

(c) करुण रस (d) शांत रस

**78.** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प रस के अन्तर्गत नहीं है ?

(a) व्यंग्य (b) हास्य

(c) रौद्र (d) भयानक

**79.** 'मूक' शब्द का विलोम क्या है ?

(a) बधिर (b) वाचाल



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

(c) मौन (d) मनस्वी

**80.** ‘आद्यन्त’ शब्द का अर्थ है

(a) जिसका अन्त न हो (b) अन्त से पूर्व

(c) आदि से अन्त तक (d) जिसका अन्त निश्चित हो

**81.** ‘जिज्ञासु’ का अर्थ है

(a) जो उत्साही हो (b) जो हमेशा तत्पर रहता हो

(c) जानने की इच्छा रखने वाला (d) जो सब कुछ जान चुका हो

**82.** ‘क्ष’ वर्ण व्याकरण के अनुसार है

(a) स्वर (b) संयुक्त व्यंजन

(c) अनुस्वार (d) व्यंजन

**83.** “वृक्ष से पत्ता गिरता है” में कौन सा कारक है ?

(a) करण (b) अपादान

(c) अधिकरण (d) कर्म

**84.** “कण्ठ” का विशेषण होगा

(a) कण्ठी (b) काठी

(c) कण्ठक (d) कण्ठ्य

**85.** हिन्दी शब्द कोश में कौन सा शब्द सबसे पहले आयेगा ?

(a) अंक (b) अकंठ

(c) अंब (d) अंग

**86.** मानक लिपि से भाषा में क्या आती है ?

(a) अनेकता (b) एकरूपता



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

(c) विभिन्नता (d) अर्थ भेदकता

**87.** ‘अं’ व्याकरण के अनुसार

(a) अनुस्वार है ।
(b) व्यंजन है ।
(c) संयुक्त स्वर है ।
(d) संयुक्ताक्षर है ।

**88.** निम्नलिखित में से कौन सी ध्वनि ‘तालव्य’ है

(a) त
(b) ज
(c) ल
(d) ध

**89.** “हिन्दी साहित्य सम्मेलन” किस नगर में स्थित है ?

(a) वाराणसी
(b) इलाहाबाद
(c) पटना
(d) दिल्ली

**90.** फोर्ट विलियम कॉलेज़ की स्थापना कहाँ हुई थी ?

(a) दिल्ली
(b) बनारस
(c) इलाहाबाद
(d) कलकता

**91.** ‘उदंत मार्तण्ड’ किस भाषा का पहला समाचारपत्र है ?

(a) संस्कृत
(b) हिन्दी
(c) बंगला
(d) भोजपुरी

**92.** महावीर प्रसाद द्विवेदी द्वारा सम्पादित हिन्दी की प्रसिद्ध पत्रिका का क्या नाम है ?

(a) ‘साप्ताहिक हिन्दुस्तान’
(b) ‘सरस्वती’
(c) ‘दिनमान’
(d) ‘सारिका’

**93.** “चतुर्भुज” शब्द में कौन सा समास है ?

(a) अव्ययीभाव
(b) तत्पुरुष



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

(c) कर्मधारय (d) बहुब्रीहि

**94.** 'सम्राट' शब्द का स्त्रीलिंग है

(a) सम्राटिनी (b) सम्राटी

(c) साम्राज्ञी (d) सम्राज्ञी

**95.** उच्चारण की दृष्टि से निम्न में से कौन सा विकल्प सही है ?

(a) चाँदी-सोना (b) पिता-माता

(c) पुरुष-स्त्री (d) दस-बीस

**96.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अशुद्ध है ?

(a) वाल्मीकी (b) वाल्मीकि

(c) कालिदास (d) अतिथि

**97.** इनमें अशुद्ध वाक्य कौन सा है ?

(a) सप्रमाण उत्तर दीजिए । (b) शीला ने मोतियों की एक माला खरीदी ।

(c) मुझसे यह काम संभव नहीं है । (d) मैंने अभी बाज़ार जाना है ।

**98.** निम्नलिखित में से कौन 'अष्टछाप' के कवि नहीं हैं ?

(a) नाभादास (b) कुंभनदास

(c) कृष्णदास (d) परमानंद दास

**99.** इनमें एक राज्य हिन्दी भाषी है

(a) गुजरात (b) हिमाचल प्रदेश

(c) पंजाब (d) महाराष्ट्र

**100.** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प शुद्ध है ?

(a) शिखंला (b) श्रंखला



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

(c) श्रृंखला (d) सिंखला



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/

रफ कार्य के लिए जगह



https://www.freshersnow.com/previous-year-question-papers/